RR- LDC & UDC.

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 247] नई दिल्ली, मंगलवार, अप्रैल 5, 2016/चैत्र 16, 1938

No. 247] NEW DELHI, TUESDAY, APRIL 5, 2016/ CHAITRA 16, 1938

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय**

**(खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग)**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 5 अप्रैल, 2016

**सा.का.नि. 398(अ).**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और राष्ट्रीय चीनी संस्थान, कानपुर (समूह '3' पद), भर्ती नियम, 1958 को, जहां तक उनका संबंध वरिष्ठ लिपिक तथा राष्ट्रीय चीनी संस्थान, कानपुर (समूह 'ग' पद), नियम, 1983, को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, राष्ट्रीय चीनी संस्थान, कानपुर में उच्च श्रेणी लिपिक और अवर श्रेणी लिपिक के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.-** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर, उच्च श्रेणी लिपिक और अवर श्रेणी लिपिक (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 2016 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन या वेतनमान.-** उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन या वेतनमान वे होंगे जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं; आदि.-** भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

**4. निरर्हता,-** वह व्यक्ति.-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है:

उक्त पदों पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

**5. शिथिल करने की शक्ति.-** जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

**6. व्यावृत्ति.-** इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पद संख्या | वर्गीकरण | वेतन बैंड और ग्रेड वेतन या वेतनमान | चयन अथवा अचयन पद |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. उच्च श्रेणी लिपिक | 18*(2016)<br>*कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अनुसचिवीय | वेतन बैंड-1, 5,200-20,200 रूपये + ग्रेड वेतन 2400 रु. | अचयन पद |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं। | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो |
|---|---|---|---|
| (6) | (7) | (8) | (9) |
| 18 और 27 वर्ष के बीच<br>(केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए शिथिल करके 40 वर्ष तक की जा सकती है)।<br>टिप्पण: आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख कर्मचारी चयन आयोग द्वारा नियत की जाएगी। (कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से भर्ती नहीं किए जाने के मामले में, आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी)। | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री या समकक्ष | लागू नहीं। | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए दो वर्ष प्रोन्नत व्यक्तियों के लिए कुछ नहीं। |

| भर्ती की पद्धति: भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता | प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा |
|---|---|
| (10) | (11) |
| भर्ती की पद्धति :<br>(i) 66.67% प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)<br>(ii) 33.33% सीधे भर्ती द्वारा | प्रोन्नति:<br>वेतन बैंड-1, 5200-20200 रु० + ग्रेड वेतन 1900 रु में ऐसे अवर श्रेणी लिपिक जिन्होंने उस श्रेणी में आठ वर्ष सेवा की है।<br><br>टिप्पण 1: जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु वह तब तक जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।<br>टिप्पण 2: प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की संगणना करने के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा 01 जनवरी, 2006 से पहले या उस तारीख से जिससे छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को उक्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर विस्तारित तत्स्थानी ग्रेड वेतन या वेतनमान पर की गई सेवा समझी जाएगी।<br>प्रतिनियुक्ति:<br>(i) जो मूल काडर/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या<br>(ii) वेतन बैंड-1, 5200-20200 रु० में ऐसे अवर श्रेणी लिपिक जिन्होंने उस श्रेणी में आठ वर्ष नियमित सेवा की है।<br>टिप्पण 1: पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।<br>टिप्पण 2: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>टिप्पण 3: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>टिप्पण 4: प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा 1 जनवरी, 2006 से पहले या उस तारीख से जिससे छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन |

| | |
|---|---|
| | संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित वेतनमानों का सामान्य ग्रेड वेतन या वेतनमानों सहित एक श्रेणी में विलय हो गया है और जहां यह लाभ केवल उस पद या उन पदों पर विस्तारित होगा जिसके, या जिनके लिए ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर विस्तारित तत्स्थानी ग्रेड वेतन या वेतनमान में की गई सेवा समझा जाएगा। |

| यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना | किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा। |
|---|---|
| (12) | (13) |
| समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे:-<br>(1) निदेशक, - अध्यक्ष<br>राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर<br>(2) किसी भी संकाय का आचार्य, -सदस्य<br>राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर<br>(3) ज्येष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, -सदस्य<br>राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर | लागू नहीं होता। |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 2. अवर श्रेणी लिपिक | 23* (2016)*कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित अनुसचिवीय | वेतन बैंड-1, 5200-20200 रुपये + ग्रेड वेतन 1900 रू० | अचयन पद |

| (6) | (7) | (8) | (9) |
|---|---|---|---|
| 18 और 27 वर्ष के बीच<br>(केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए शिथिल करके 40 वर्ष तक की जा सकती है)।<br>टिप्पण: आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख कर्मचारी चयन आयोग द्वारा नियत की जाएगी। (कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से भर्ती नहीं किए जाने के मामले में, आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी)। | (i) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण या समतुल्य।<br>(ii) कंप्यूटर पर अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट या हिन्दी में 30 शब्द प्रति मिनट की टंकण की गति (प्रत्येक शब्द के लिए 5 की डिप्रैशन के औसत पर 10500 की डिप्रैशन प्रति घंटे की या 9000 की डिप्रैशन प्रति घंटे के तत्स्थानी 35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट की गति)।<br>टिप्पण: टंकण का कौशल परीक्षण (स्किल टेस्ट) केवल कंप्यूटर पर लिया जाएगा। | जी, हाँ, स्तंभ (10) में उपदर्शित सीमा तक। | दो वर्ष। |

| (10) | (11) |
|---|---|
| (i) 85% कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा। (ii) 10 प्रतिशत रिक्तियाँ वेतन बैंड-1: 5200-20200 रू॰ + ग्रेड वेतन 1800 रू॰ में ऐसे समूह 'ग' कर्मचारिवृन्द में से भरी जाएगी जिनके पास 12वीं कक्षा उत्तीर्ण या समतुल्य अर्हता है और जिन्होंने विभागीय अर्हक परीक्षा के आधार पर उस श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की है। टिप्पण 1: परीक्षा के लिए पात्रता हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष है (अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों से संबंधित समुदायों के लिए 50 वर्ष)। टिप्पण 2: यदि खण्ड (ii) के अधीन उपलब्ध रिक्तियों की संख्या से अधिक कर्मचारी परीक्षा में अर्हता प्राप्त कर लेते हैं तो ऐसे अधिक संख्या वाले कर्मचारियों पर पश्चातवर्ती वर्षों में होने वाली रिक्तियों को भरने के लिए विचार किया जाएगा जिससे कि पूर्ववर्ती परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने वाले कर्मचारियों पर पश्चातवर्ती परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने वाले कर्मचारियों से पूर्व विचार किया जाए। (iii) 5 प्रतिशत रिक्तियाँ ऐसे समूह 'ग' कर्मचारियों से ज्येष्ठता-सह-उपयुक्तता के आधार पर भरी जाएंगी जिन्होंने ग्रेड वेतन 1800 रू॰ वाले पदों पर तीन वर्ष नियमित सेवा की है। | स्तंभ (10) में कथित अनुसार |

| (12) | (13) |
|---|---|
| समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :<br>(1) निदेशक राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर -अध्यक्ष<br>(2) किसी भी संकाय का आचार्य, राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर -सदस्य<br>(3) ज्येष्ठ प्रशासनिक अधिकारी राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर -सदस्य | लागू नहीं होता । |

[फा. सं. ए-12018/3/2015-एस॰ए॰]

प्रशांत त्रिवेदी, संयुक्त सचिव

## MINISTRY OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION

**(Department of Food and Public Distribution)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 5th April, 2016.

**G.S.R. 398(E).**–In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in supersession of the National Sugar Institute, Kanpur (Class-III posts) Recruitment Rules, 1958 in so far as they relate to the post of Senior Clerk and the National Sugar Institute, Kanpur (Group 'C' post) Rules, 1983 except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the posts of Upper Division Clerk and Lower Division Clerk, in National Sugar Institute, Kanpur in the Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution, Department of Food and Public Distribution, namely :-

1. Short title and commencement.–(1) These rules may be called the Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution, Department of Food and Public Distribution, National Sugar Institute, Upper Division Clerk and Lower Division Clerk (Group 'C' posts) Recruitment Rules, 2016.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of posts, classification, pay band and grade pay or pay scale: – The number of posts, their classification, pay band and grade pay or pay scale attached thereto, shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age limit, qualifications, etc.–The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (13) of the aforesaid Schedule.

4. Disqualification.–No person,-

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said posts:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax. - Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Savings. - Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-servicemen and other categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post. | Number of post. | Classification. | Pay band and grade pay or pay scale. |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. Upper Division Clerk | 18* (2016)<br>*Subject to variation dependent on work-load. | General Central Service, Group 'C' Non-Gazetted, Ministerial. | Pay band-1, Rs.5200-20,200/- with grade pay of Rs.2400/-. |

| Whether selection post or non-selection post. | Age limit for direct recruits. | Educational and other qualifications required for direct recruits. |
|---|---|---|
| (5) | (6) | (7) |
| Non-selection. | Between 18 and 27 years.<br>(relaxable for Government Servants upto | Degree of a recognised University or equivalent. |

| | | |
|---|---|---|
| | 40 years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government).<br>Note: The crucial date for determining the age-limit shall be as fixed by Staff Selection Commission. (Where recruitment is not through Staff Selection Commission, crucial date for determining the age-limit shall be the last date for receipt of applications.) | |

| Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees. | Period of probation, if any. | Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods. |
|---|---|---|
| (8) | (9) | (10) |
| Not applicable. | Two years for direct recruitment.<br>'Nil' for promotees. | Mode of recruitment:-<br>(i) 66.67% by promotion failing which by deputation (including short term contact)<br>(ii) 33.33% by direct recruitment |

| In case of recruitment by promotion or deputation or absorption grades from which promotion or deputation or absorption to be made. | If a Departmental Promotion Committee exists what is its composition. | Circumstances under which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment. |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| Promotion:<br>Lower Division Clerk in the pay band-1, Rs.5200-20,200 with grade pay of Rs.1900/- with eight years service in the grade.<br><br>Note 1: Where juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their senior would also be considered provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service or two years, whichever is less and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade along with their Juniors who have already completed such qualifying or eligibility service.<br><br>Note 2: For the purpose of computing minimum qualifying service for promotion, the service rendered on a regular basis by an officer prior to 1st January, 2006 or the date from which the revised pay structure based on the recommendations of the Sixth Central Pay Commission has been extended, shall be deemed to be service rendered in the corresponding pay or pay scale extended based on the recommendations of the said Pay Commission.<br>Deputation:<br>Officers of the Central Government,-<br>(i) holding analogous post on regular basis in the parent cadre or department; or<br>(ii) Lower Division Clerk in the pay band -1, Rs.5200-20200 with eight years' regular service in the grade.<br>Note 1: The departmental officials in the feeder category who are in the direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly, the deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion.<br>Note 2: The period of deputation including the period | Group 'C' Departmental Promotion Committee (for considering promotion and confirmation) consisting of:-<br><br>(1). Director, National Sugar Institute, Kanpur - Chairman<br>(2) Professor of any discipline, National Sugar Institute, Kanpur -Member<br>(3) Senior Administrative Officer National Sugar Institute, Kanpur -Member | Not applicable. |

| | | |
|---|---|---|
| of deputation in another *ex-cadre* post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years.<br>Note 3: The maximum age limit for appointment by deputation shall be 'not' exceeding 56 years' as on the closing date of receipt of applications.<br>Note 4: For the purpose of appointment on deputation basis, the service rendered on a regular basis by an officer prior to the 1st January, 2006 or the date from which the revised pay structure based on the recommendations of the Sixth Central Pay Commission has been extended shall be deemed to be service rendered in the corresponding grade pay or pay scale extended based on the recommendations of the said Pay Commission except where there has been merger of more than one pre-revised scale of pay into one grade with a common grade pay or pay scale and where this benefit will extend only for the post or posts for which that grade pay or pay scale is the normal replacement grade without any upgradation. | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 2. Lower Division Clerk | 23* (2016)<br>*Subject to variation dependent on work-load. | General Central Service, Group 'C' Non-Gazetted, Ministerial. | Pay band-1, Rs.5200-20,200/- with grade pay of Rs.1900/-. |

| (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|
| Non-selection. | Between 18 and 27 years.<br>(relaxable for Government Servants upto 40 years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government).<br><br>Note: The crucial date for determining the age-limit shall be as fixed by Staff Selection Commission. (Where recruitment is not through Staff Selection Commission, crucial date for determining the age-limit shall be the last date for receipt of applications.) | (i) 12th class pass or equivalent from a recognised Board or University.<br><br>(ii) Typing speed of 35 words per minute in English or 30 words per minute in Hindi on computer. (35 words per minute and 30 words per minute correspond to 10500 key depressions per hour or 9000 key depressions per hour on an average of 5 key depressions for each word).<br><br>Note: Skill test of typing will be conducted only on computers. |

| (8) | (9) | (10) |
|---|---|---|
| Yes, to the extent indicated in column (10). | Two years. | (i) 85% by direct recruitment through Staff Selection Commission.<br>(ii) 10% of the vacancies shall be filled from amongst the Group 'C' Staff in the pay band Rs.5200-20200 with grade pay of Rs.1800/- and who possess 12th class pass or equivalent qualification and have rendered three years regular service in the grade, on the basis of departmental qualifying examination.<br>Note 1: The maximum age limit for eligibility for examination is 45 years (50 years of age for the communities belonging to the Scheduled Castes or Scheduled Tribes).<br>Note 2: If more of such employees than the number of vacancies available under clause (ii) qualified at the examination, such excess number of employees shall be considered for filling the vacancies arising in the subsequent year so that the employees qualifying at an earlier examination are considered before those who qualify at a later examination.<br>(iii) 5% of the vacancies shall be filled on seniority-cum-fitness basis from Group 'C' employees who have three years' regular service in posts with grade pay of Rs.1800/-. |

| (11) | (12) | (13) |
|---|---|---|
| As stated in column (10). | Group 'C' Departmental Promotion Committee (for considering promotion and confirmation) consisting of :-<br>(1) Director, National Sugar Institute, Kanpur - Chairman<br>(2) Professor of any discipline, National Sugar Institute, Kanpur-Member<br>(3) Senior Administrative Officer, National Sugar Institute, Kanpur-Member | Not applicable. |

[F. No.A-12018/3/2015-SA]

PRASHANT TRIVEDI, Jt. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.